हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

11 रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन



12 सरपंच के बार-बार नोटिस देने पर भी नहीं जागा...



# शहर में अपराध को बढ़ा रही 'लंगडी गैंग', पुलिस की लगाम ढीली, एसपी चंद्रमोहन की आ रही याद

- हर माह 15 हजार रुपये मंथली मांगी, विरोध किया तो धावा बोल युवक संजय को किया बुरी तरह घायल
- पुलिस का दावा लंगडी गैंग से जुड़े अधिकांश सदस्य जेल के अंदर, अब जिसने अपराध किया उस पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में इन दिनों युवा अपराध में पैर पसारने लगे है। इनमें से अब एक लंगड़ी गैंग का नाम सामने आया है। पुलिस रिकॉर्ड में इस गैंग से जुड़े सदस्यों पर कई मुकदमें दर्ज है। इसी गैंग से जुड़े एक सदस्य ने दूसरे की दुकान पर नौकरी करके अपना घर चलाने वाले युवक को भी नहीं छोड़ा। इस युवक से ही 15 हजार की मंथली की डिमांड कर दी। मना करने पर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। यहीं नहीं, एक दिन पहले सोमवार को जब युवक नांगल चौधरी अपने धंधे पर जा रहा था तो उसे रोककर बदमाशों से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। ऐसे में हम कह सकते है कि पुलिस की अपराध पर लगाम ढीली होने लगी है। कुछ समय पहले यहां एसपी चंद्रमोहन थे, उनकी ऐसे बदमाशों पर की गई सख्ती से जिला में शांति कायम हुई थी। अब के हालात को देखकर शहर ही नहीं जिला के लोगों को एक बार फिर से एसपी चंद्रमोहन की याद आने लगी है।

### पीड़ित ने यह दी शिकायत

मोहल्ला सलामपुरा वासी पीड़ित संजय कुमार ने सिटी पुलिस को शिकायत दी है। उसने बताया है कि 30 जून की सुबह करीब साढ़े आठ बजे नांगल चौधरी काम पर जाने के लिए घर से निकला। शहर में निजामपुर रोड पर शुभम गार्डन के पास बस का इंतजार कर रहा था। उसी समय मौहल्ला मिश्रवाड़ा वासी आशु राव काफी संख्श में अपने 10-12 अन्य साथियों के साथ आठ-दस बाइकों से घेर लिया। बोले कि जो कहा गया था, वह समझ में नहीं आया। अब हमारी चेतावनी को इग्नोर करने का खामियाजा भुगतो। इसके बाद आशु राव ने सिर पर डण्डे से वार किया। जिसे हाथों पर रोका। इसके बाद आशु राव व अन्य 10-12 बदमाशों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शरीर पर गंभीर चोटे आई है। हमले के दौरान आशु राव व अन्य बदमाशों ने जेब से 8500 रुपये छीन लिए गए। इसी दौरान नांगल चौधरी की तरफ जाने वाली एक इको गाड़ी आ गई। जिसको देखकर आरोपित भाग गए। भागते हुए उन्होंने कहा कि कहीं शिकायत की तो उसे व परिवार को जान से मार देंगे। इसके बाद में ईको में सवार होकर बदमाश बोले फिर मारेंगे।





नारनौल। नागरिक अस्पताल में घायल संजय के शरीर पर चोट के निशान। फोटो: हरिभूमि

### क्या कहते है प्रवक्ता

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि लंगड़ी गैंग से जुड़े अधिकांश सदस्य जेल के अंदर किसी न किसी केस में अंदर है। जो पीड़ित संजय के साथ वारदात हुई है। इस मामले में पुलिस गंभीर है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। किसी भी सूरत में अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### 26 जून की रात बदमाश आए थे संजय के घर

*पीड़िता ने शिकायत में यह भी बताया है कि यही बदमाश 26 जून की रात करीब साढे 11 बजे घर आए थे। कहने लगे कि हमें नहीं जानता, हम लंगड़ी गैंग के आदमी है। आजकल बहुत पैसे कमा रहे हो। यदि जान की खैर चाहते हो तो हर माह हमें 15 हजार दे दिया करो। पीड़ित का आरोप है कि उसने बदमाशों के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद इन बदमाशों ने लाठी, कुल्हाड़ी, डण्डों से घर हमला कर दिया। घर के बाहर रही पानी की टंकी, तख्त को कुल्हाड़ी से काट दिया। दरवाजे को तोड़कर घर में घुसने का प्रयास किया। लेकिन इससे पहले डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुला लिया गया। इसके बाद वह गाली गलौच करते हुए चलें गए। पीड़ित ने शिकायत में लिखा है कि शहर में लंगड़ी गैंग का बड़ा खौफ है। जिससे डरकर चुप रहा लेकिन अब उन्होंने जानलेवा हमला करके उसे व परिवार को मारने की धमकी दी है।*

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री गंगवा कल नारनौल में

**नारनौल।** प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी बीएंडआर एवं पब्लिक हेल्थ कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा तीन जुलाई को नारनौल में पहुंचेंगे और समाज के लोगों को प्रदेश सरकार की ओर से 13 जुलाई को प्रदेश स्तर पर आयोजित किए जाने वाले महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती का निमंत्रण देंगे। एडवोकेट हेमंत भारद्वाज ने बताया कि मंत्री गंगवा के साथ सेवानिवृत्त आएएएस आरएस वर्मा भी रहेंगे।

### ग्रामीण चौकीदारों की बैठक आज

**सतनाली।** ग्रामीण चौकीदार संगठन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी ब्लॉक सतनाली की मीटिंग ब्लॉक कार्यालय में बुधवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सूबे सिंह संबोधित करेंगे। ग्रामीण चौकीदार संगठन सतनाली के ब्लॉक प्रधान होशियार सिंह, पूर्व जिला सचिव सत्यवान, नरेंद्र फौजी व संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र सिंह संपर्क अभियान में जुटे हैं।

### मालगाडी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर के मेहता चौक के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से पुरानी मंडी के एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार सायं की है। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुरानी मंडी निवासी करीब 37 वर्षीय यादराम सोमवार सायंकाल को महता चौक के पास पुरानी मंडी की ओर से रेलवे लाइनों को पार कर रहा था।

### प्राइवेट अस्पताल में हजारों की नकदी चोरी

**नारनौल।** शहर के महेंद्रगढ़ रोड पर शीला अस्पताल बना हुआ है। यहां पर एक चोर ने सुबह तीन से चार बजे के बीच में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ने अस्पताल के अंदर बने मेडिकल स्टोर व रिसेप्शन के काउंटर से करीब तीन से चार हजार रुपये नकदी चुरा ली। यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। अस्पताल के संचालक अनिल कुमार ने बताया कि सुबह जब फार्मासिस्ट व रिसेप्शन वाले उठे तो उनको टेबल की दराज खुली हुई मिली। शहर में प्राइवेट अस्पताल में चोरी की यह दूसरी घटना है।

## नगर पार्षद अमर सिंह खुद पानी में उतरकर करने लगे अवरुद्ध नालों की सफाई

# मूसलाधार बरसात से हर तरफ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मंगलवार प्रातः हुई झमाझम मूसलाधार बरसात ने प्रशासन एवं नगर परिषद के दावों की पोल खोलकर रख दी। शहर में जहां देखो, वहीं जलभराव हो गया तथा शहर की गतिविधियों में एकदम से ठहराव सा आ गया। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हुई, जहां कई-कई फुट तक गलियों में पानी भर गया और इससे लोग अपने घरों से आवश्यक कार्यों के लिए भी नहीं निकल पाए। ऐसा ही नजारा नागरिक अस्पताल के लगते वार्ड नंबर 22 में व्यास जी की हवेली वाली गली में देखने को मिला। यहां से वार्ड पार्षद अमर सिंह ने खुद तीन-चार फुट खड़े गहरे पानी में उतरकर अपनी गली में नगर परिषद द्वारा किए गए जल निकासी के इंतजामों की पोल खोल कर रख दी। इतना ही नहीं, उन्होंने इसकी शिकायत नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, उपप्रधान संजय यादव एवं साथी पार्षदों से भी की है और सफाई दरोगा पर आरोप लगाया है कि वह उनकी सुनवाई नहीं करते और मनमानी करते हैं।

मंगलवार प्रातः करीब 8 बजे भी जोरदार बरसात शुरू हुई, जो करीब एक घंटे तक जारी रही।

***इन स्थानों पर भरा पानी:*** मोहल्ला रावका में व्यास जी की हवेली वाली गली के अलावा मंगलवार प्रातः नागरिक अस्पताल, बस स्टैंड, सिंघाना रोड बिजली निगम कार्यालय, बीडीपीओ कार्यालय प्रांगण, बस स्टैंड, पुरानी अनाज मंडी, मोहल्ला चांदुवाड़ा, जैन धर्मशाला, नजदीक पुरानी कचहरी, सैन चौक आदि ऐसे अनेक स्थान रहे, जहां जलभराव हो गया। कमाल की देखने वाली बात यह है कि नगर परिषद एवं जिला प्रशासन के अधिकारी साल मे अनेक बार चंडीगढ़ आते-जाते रहते हैं, लेकिन इन्होंने एकबार भी चंडीगढ जैसे शहर से कुछ नहीं सीखा। अब तक करोड़ों रुपये जल निकासी पर खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन आज भी जलभराव के वही हालात हैं।





नारनौल। गली में भरे पानी की निकासी के लिए उतरे नगर पार्षद अमर सिंह व अवरुद्ध नाले से निकाला गया कूड़ा-करकट। फोटो: हरिभूमि

### यह बोले पार्षद

वार्ड नंबर 22 के पार्षद अमर सिंह ने बताया कि नगर परिषद के सफाई दरोगा की हठधर्मिता एवं मनमानी से परेशान हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई दरोगा खुद को डीएमसी और ईओ से भी बड़ा मानते हैं। उनकी वार्ड की सफाई व्यवस्था के लिए और गंदगी के ढेर उठाने के लिए उनसे बार-बार कहा जाता है, लेकिन इसके बावजूद वह कूड़ा नहीं उठवाते हैं, जबकि उसके पास रोजाना टैंपों, छोटा ट्रैक्टर और बड़ा ट्रैक्टर भी आते हैं। इस बाबत नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी एवं उपप्रधान संजय यादव समेत ईओ भी वाकिफ हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। जिस कारण गली में नालों की सफाई के लिए आज उन्हें खुद पानी में उतरना पड़ा है।



महेंद्रगढ़। जलभराव स्थिति का जायजा लेते विधायक व एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत, बरसात से शहर की सड़कें हुई जलमग्न

**महेंद्रगढ़।** शहर में सुबह के समय हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन शहर के गली-मोहल्ले और सड़क जलमग्न हो गए। शहर की सड़कों पर पानी भरे रहने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। बता दें कि जिले में पिछले एक सप्ताह से पड़ रहीं तेज व उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रहीं थी। क्षेत्र में कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी हो रहीं थी। तेज व उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया था।

#### विधायक ने शहर का लिया जायजा

तेज बरसात होने की वजह से महेंद्रगढ़ शहर में जलभराव की समस्या होने पर विधायक कंवर सिंह यादव और एसडीएम अनिल कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए जल भराव देखा तो संबंधित अधिकारियों को पानी निकासी के लिए उचित कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए। जल निकासी प्रणालियों को ठीक कर, ताकि बारिश का पानी आसानी से निकल सके। जिससे आमजन को आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सके। विधायक ने जनस्वास्थ विभाग और नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में जल भराव की समस्या नहीं आनी चाहिए। विधायक ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि अपने घरों का कूड़ा नगर पालिका की निर्धारित गाड़ियों में ही डाले और उसे नालियों ओर सड़कों के किनारे ना फैंके। अधिकारियों को जल्द से जल्द जल निकासी के कार्य को पूर्ण करने का आदेश दिया।

## स्कॉर्पियो गाड़ी पलटी, चालक की मौत

**मंडी अटेली।** नारनौल-रेवाड़ी नैशनल हाइवे पर गांव सुजापुर के समीप स्कॉर्पियो गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से डिवाइड से जा टकरा गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 व एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अटेली की सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने चालक सुमित को मृत घोषित कर दिया तथा घायलों को उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। रेवाड़ी शहर के मोहल्ला गुजरवाड़ा निवासी सुमित 27 अपने साथी कुलदीप व यश के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर रेवाड़ी से राजस्थान की ओर किसी कार्य से जा रहे थे कि गांव सुजापुर के समीप सड़क मार्ग पर पानी का जमावड़ा होने के कारण उनकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण गाड़ी डिवाइडर से टकराते हुए दो बार पलटी खा गई। इस घटना मे तीनों युवक घायल हो गए थे। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की सहायता से अटेली की सामान्य अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने चालक सुमित को मृत घोषित कर दिया तथा कुलदीप एवं यश को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया।



मंडी अटेली। नारनौल-रेवाड़ी रोड पर अटेली अनाज मंडी के सामने जमा पानी। फोटो: हरिभूमि

### बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

*नारनौल। पश्चिम रेलवे की ओर से समयपालनता में सुधार करने हेतु बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 22949 बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा 16 जुलाई से बान्द्रा टर्मिनस से 12:15 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 14:40 बजे रवाना होकर अपने निर्धारित समय से दिल्ली सराय स्टेशन पहुंचेगी।*

#### परिवर्तित समय-सारणी

| | पुराना समय | | परिवर्तित समय | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| बान्द्रा टर्मिनस | — | 12:15 | — | 14:40 |
| बोरीवली | 12:38 | 12:40 | 15:00 | 15:02 |
| वापी | 14:14 | 14:16 | 16:38 | 16:40 |
| सूरत | 15:35 | 15:40 | 18:04 | 18:09 |
| भरूच | 16:21 | 16:23 | 18:47 | 18:49 |
| वडोदरा | 17:16 | 17:21 | 19:42 | 19:47 |
| आणंद | 17:58 | 18:00 | 20:16 | 20:18 |
| नडियाद | 18:24 | 18:26 | 20:41 | 20:43 |
| अहमदाबाद | 19:20 | 19:25 | 21:35 | 21:45 |
| साबरमती | 19:43 | 19:45 | 22:13 | 22:15 |
| महेसाना | 20:51 | 20:53 | 23:06 | 23:08 |
| पालनपुर | 23:00 | 23:05 | 00:23 | 00:25 |
| आबूरोड | 00:01 | 00:11 | 01:00 | 01:10 |
| पिंडवाड़ा | 00:43 | 00:45 | 01:43 | 01:45 |
| फालना | 01:23 | 01:25 | 02:22 | 02:24 |
| रानी | 01:37 | 01:39 | 02:36 | 02:38 |
| अजमेर | 04:50 | 05:00 | 05:30 | 05:40 |
| किशनगढ़ | 05:27 | 05:29 | 06:00 | 06:02 |
| फुलेरा | 06:08 | 06:10 | 06:42 | 06:44 |
| रींगस | 07:00 | 07:03 | 07:37 | 07:40 |
| श्रीमाधोपुर | 07:13 | 07:15 | 07:50 | 07:52 |
| नीमकाथाना | 08:00 | 08:02 | 08:21 | 08:23 |
| नारनौल | 08:55 | 08:57 | 09:03 | 09:05 |
| रेवाड़ी | 09:58 | 10:00 | रेवाड़ी से दिल्ली सराय तक कोई परिवर्तन नहीं। | |

## जन्म तिथि में हेराफेरी करते सीएससी संचालक गिरफ्तार

**नारनौल।** आधार कार्ड में जन्म तिथि संशोधित करवाने की एवज में कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालक मोटा पैसा वसूल करते हैं। जन्मतिथि संशोधन यानि छोटी आयु बड़ी करने की एवज में सीएससी वाले कम से कम ढाई हजार तो गांवों में बैठे संचालक 6000 रुपये तक वसूल करते हैं और ग्राहक आयु बड़ी करवा बुढ़ापा पेंशन जैसी स्कीम का लाभ लेने के लिए यह राशि दिल खोलकर दे भी देते हैं, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें यह पैसा देना नाजायज लगता है। ऐसे ही एक मामले में अटेली के एक सीएससी वाले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम को कर दी और एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों धर–दबोच लिया। आरोपित को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। गांव नावदी निवासी शिकायतकर्ता विजेन्द्र ने बताया कि वह शुक्रवार को अपनी मां के आधार कार्ड में आयु सुधार करवाने के लिए अटेली के महिला एवं बाल विकास कार्यालय में बने सीएससी सेंटर पहुंचा था। मौजूद संचालक राजबीर ने उससे आयु सुधार के बदले 3500 रुपये की मांग की। विजेन्द्र ने इसकी सूचना एसीबी गुरुग्राम को इसकी जानकारी दे दी।

एसीबी की टीम इंस्पेक्टर नैना देवी के नेतृत्व में सोमवार शाम को अटेली पहुंची और योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता विजेन्द्र को पाऊडर लगे नोट दिए गए और उसे सेंटर भेजा गया। जैसे ही संचालक राजबीर ने यह रुपये लिए, टीम ने मौके पर ही उसे 3500 रुपये सहित रंगे हाथों धर–दबोच लिया। इस छापेमारी के दौरान एसीबी टीम ने मौके से कई जरूरी दस्तावेज और कंप्यूटर रिकॉर्ड भी जब्त कर लिया तथा आरोपित राजबीर को अपने साथ गुरुग्राम ले गई।

### राशन डिपुओं पर सरसों का तेल हुआ महंगा

**नारनौल।** गरीबों के सरसों तेल पर महंगाई की मार पड़ी है। सरकार द्वारा राशन डिपुओं पर गरीबों को जो सरसों का तेल 20 रुपये प्रति लीटर उपलब्ध करवाया जाता था, अब उसके 50 रुपये अदा करने होंगे। एक राशन कार्ड पर दो लीटर सरसों तेल दिया जाता है, जिसका अब 100 रुपये दो लीटर का अदा करना पड़ेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय की ओर से जारी आदेश पत्र क्रमांक:एफजी-1-1198/2025/9836 दिनांक:01/07/2025 के मुताबिक प्रदेश के सभी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक को आदेश दिए जारी किए गए हैं कि सरसों के तेल के अब उपभोक्ताओं से 100 रुपये प्रति दो लीटर के हिसाब से वसूल किए जाएं। संयुक्त निदेशक की ओर से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि विषयांकित अवगत कराया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा पीडीएस के तहत वितरित किए जाने वाले फॉर्टीफाइड सरसों के तेल का उपभोक्ता मूल्य 100 रुपये प्रति दो लीटर निर्धारित किया गया है। इसलिए जुलाई माह से लाभार्थियों से दो लीटर सरसों तेल के 100 रुपये वसूल किए जाएं।

## अटेली क्षेत्र में सुबह जमकर मेघा बरसे, हर तरफ पानी ही पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र में मंगलवार को सुबह सवा सात बजे जोरदार बारिश हुई। इस तेज बारिश से अटेली में जगह-जगह पानी भर गया। बारिश के दौरान बाजार से लेकर तमाम प्रमुख मार्गों पर पानी जमा हो गया। इसके कारण पूरे शहर में जलभराव होने से आम लोगों के साथ दुकानदारों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई दुकानदारों की दुकानों में भी पानी घुस गया। अब आगे मानसून की बारिश की शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार सुबह को हुई बारिश से आमजन को जहां हुमश भरी हुई गर्मी से राहत मिली वहीं जलभराव की वजह से आमजन को परेशानी भी उठानी पड़ी। शहर के अधिकतर वार्डों में पानी का जल भराव दिखाई दिया। बाजरे की फसल के लिए अति उत्तम बरसात है जो किसानों को इस बरसात की बाजार बुवाई के बाद काफी आवश्यकता थी जो इस बारिश के होने से बाजरे की फसल में भी काफी फायदे के आसार हैं। नपा प्रशासन की तरफ से बारिश से पहले नालों की सफाई नहीं कराई और जलभराव के बाद कोई एक्शन नहीं लिया। सड़कों पर जमा हुए बारिश के पानी की वजह से वाहन चालक उसी में गुजरने को मजबूर रहे। बारिश में नारनौल-रेवाड़ी रोड़ के साथ बस स्टैंड, रेलवे रोड, राधा कृष्ण मंदिर, पशु अस्पताल, अनाज मंडी, थाना रोड, अटेली तहसील व खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय परिसर , रेवाड़ी रोड पर धनुंदा मोड़ तक पानी ही अपनी नजर आया।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू

- नागरिक अस्पताल नारनौल के आयुष्मान कक्ष में बनेंगे कार्ड
- जिले में 29 सरकारी और 30 प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान के पैनल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय डबास ने बताया कि इच्छुक वरिष्ठ नागरिक प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक नागरिक अस्पताल स्थित आयुष्मान कक्ष में अपने आधार कार्ड एव आयु प्रमाण पत्र लाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में 29 सरकारी तथा 30 प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान के पैनल पर है। डॉ. डबास ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं। डॉ. डबास ने बताया कि यह पहल न केवल वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक बोझ से राहत देगी, बल्कि उन्हें सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार का एक अभिनंदनीय तथा ऐतिहासिक कदम है।

### जल्द ही कैंप लगाकर भी बनाए जाएंगे बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया है कि आयुष्मान भारत कार्ड उन सभी लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है। इन कार्डों को लोगों तक पहुंचाने के लिए जल्द ही फील्ड में कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम मौके पर ही किया जाएगा। जिससे उन्हें कार्ड बनवाने में आसानी होगी।

# एसएम रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर एवं केंद्रीय विवि के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विशेष शिक्षा और पुनर्वास के क्षेत्र में संस्थागत सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसएम रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर नारनौल एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा महेंद्रगढ़ के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए।

संस्थान की ओर से प्राचार्य डॉ. आरएन यादव एवं प्रबंधक सुश्री श्वेता ने हस्ताक्षर किए, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, सह-कुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति में यह समझौता सम्पन्न हुआ।

यह करार संतोष मेमोरियल संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिनके नेतृत्व में संस्थान विशेष शिक्षा एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में निरंतर नवाचार व सेवा-कार्य कर रहा है। यह समझौता ज्ञापन पारस्परिक सहमति और संस्थागत सहभागिता की भावना पर आधारित है, जिसकी प्रारंभिक वैधता पांच वर्षों के लिए निर्धारित की गई है। इस अवधि में दोनों संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग सुनिश्चित करेंगे। समझौते की शर्तों के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि को आपसी सहमति से संशोधित या विस्तारित किया जा सकेगा।

इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य विशेष शिक्षा, पुनर्वास, अनुसंधान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, दिव्यांगता जागरूकता एवं अकादमिक गतिविधियों में सहयोग को प्रोत्साहित करना है। दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाओं, छात्र इंटर्नशिप, फैकेल्टी एक्सचेंज, नवाचार आधारित गतिविधियों एवं सामाजिक समावेशन से संबंधित पहलों को क्रियान्वित करेंगी। यह सहयोगात्मक पहल न केवल छात्रों एवं शोधार्थियों के लिए नए शैक्षणिक व व्यावसायिक अवसरों के द्वार खोलेगी, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और युवाओं के जीवन में सकारात्मक एवं स्थाई परिवर्तन लाने में भी सहायक सिद्ध होगी।



नारनौल। एमओयू पर हस्ताक्षर करते विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर एवं प्राचार्य डा. आरएन यादव वगैरहा। फोटो: हरिभूमि



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

## लाइफ Style



# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू'के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला



# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील



मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*मुंबई। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*नई दिल्ली। हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप



### सेहलंग से हुई एनीमिया माह की शुरूआत

**कनीना।** सीएचसी सेहलंग में मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मियों व आशा वर्करों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एनीमिया माह की शुरूआत की गई। 30 जुलाई तक एनीमिया माह मनाया जाएगा।

जिसके अंतर्गत रक्त की कमी वाली महिलाओं की जांच की जाएगी और उसकी प्रतिपर्ति के लिए पौष्टिक आहार का इस्तेमाल करने पर बल दिया जाएगा। अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रभा ने कहा कि एनीमिया के साथ साथ आमजन डेंगू व मलेरिया से भी बचाव करे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण घर के नजदीक गंदा पानी जमा न होने दें। इस मौके पर अनिल कुमार, एचआई राजेंद्र सिंह, इंद्रजीत, मनी देवी आदि मौजूद थे।

### बारिश ने खोली सरकार की पोलः राव नरेंद्र सिंह



**नारनौल।** पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि हाल ही में इलाके में हुई बारिश ने सरकार की पोल खोलने का काम किया है। बरसाती पानी की निकासी न होने के चलते ना केवल शहर के मुख्य बाजार व हुडा कॉलोनी सहित अनेक स्थानों पर आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि जब से शहर के मुख्य बाजार की नई सड़क का निर्माण हुआ तब से व्यापारी, राहगीरों सहित आमजन को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि व्यापारियों की मांग का समर्थन करते है और जल्द समाधान न होने पर व्यापारी साथियों से वार्तालाप करके आगामी ठोस कदम उठाने का कार्य किया जाएगा।

# डीसी ने गांव भालखी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर किया समाधान, अफसरों को दिए निर्देश

*डीसी ने विद्यालय परिसर में लगी विभागीय प्रदर्शनी का भी किया अवलोकन*

- रात्रि ठहराव में प्रशासन गांव में आकर करता है समस्याओं का समाधान, ग्रामीण उठाएं पूर्ण लाभः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिले के गांव भालखी में आयोजित किए गए रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम में डीसी डॉ. विवेक भारती ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि ग्रामीणों की हर समस्या का निवारण करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेते हुए लाभ उठाया। डीसी ने विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और संबंधित स्टॉल पर आमजन की सुविधा के लिए प्रदत्त योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। डीसी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ ही गांव में सफाई व्यवस्था को भी दुरूस्त रखने की अपील की। एसपी पूजा वशिष्ठ ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति व महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एसपी ने कहा कि गांव में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचता है तो इसकी सूचना पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि अभिभावक स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों को डायल-112 के प्रति जागरूक करें और रास्ते में किसी भी प्रकार का खतरा महसूस होने पर 112 पर सूचित करें। पुलिस विभाग हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। शिविर में बिजली, पानी, अवैध कब्जा, परिवार पहचान पत्र में संशोधन, पेंशन इत्यादि की समस्याएं रखी गई। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में गांव भालखी के अलावा अन्य गांवों के ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं प्रस्तुत की।



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

**योजनाओं की दी गई जानकारी**

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने मंच से भी अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मनोज कुमार, एसडीएम अनिल कुमार यादव, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, नायब तहसीलदार निशा तंवर, पंचायत समिति चेयरमैन जयप्रकाश, खंड शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह, सरपंच योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अध्यापक ही सच्चे अर्थों में होते है राष्ट्र निर्माता : संतोष चौहान

# विदाई समारोह में नई-पुरानी यादें ताजा कर शिक्षकों के झलके आंसू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

जिले के डीईओ संतोष चौहान की सेवानिवृति पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहाली के उनके सेवाकाल के टीचिंग स्टाफ ने एक निजी समारोह स्थल में भावभीनी विदाई दी। ईमानदारी व डयूटी के प्रति समर्पित भाव व एक अच्छे शिक्षक के रूप में प्रदेशभर में पहचान रही है। इस मौके पर उनकी शिक्षिका पत्नी मंजू भी विशेष रूप से उपस्थित रही। विदाई समारोह में सेवानिवृत शिक्षक भी शामिल रहे। बता दें कि डीईओ ने अपने सेवाकाल के 10 वर्ष से अधिक बिहाली में बतौर प्राचार्य के रूप में अपनी अतुलनीय शैक्षिक सेवाएं प्रदान की हैं। बिहाली स्कूल में उनके सेवाकालीन शिक्षकों ने डीईओ संतोष चौहान के बतौर प्राचार्य के सुखद अनुभवों को याद कर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने बिहाली स्कूल के टीचिंग व सेवाकाल को स्वर्णकाल बताया। डीईओ संतोष चौहान ने कहा कि अध्यापक वैसे कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। अध्यापक समाज को दिशा प्रदान करता है। वह राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव रचनात्मक कार्य करता रहता है। अध्यापक ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र का निर्माता होता है इसलिए शिक्षक पर समाज की बड़ी जिम्मेदारी व जवाबदेही होती है। टीचर के हर कदम व कार्य को समाज बारीकी से देखता है इसलिए शिक्षक को सदैव मॉडल के रूप में अपने आप को रखना चाहिए ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। बता दे कि डीईओ संतोष चौहान का पैतृक गांव अटेली के पास नीरपुर राजपूत है तथा उनके 34 साल के सेवाकाल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहाली स्कूल में 10 साल, रातां स्कूल में लगभग एक साल, अटेली में बीईओ की सेवा दी। उनका सफरनामा एक विज्ञान अध्यापक से जिला शिक्षा अधिकारी तक रहा। उन्होंने रहस्योदघाटन करते हुए कहा कि उनके पैतृक गांव निवास से नारनौल ही सबसे ज्यादा दूरी रही है। डीईओ संतोष चौहान की ईमानदारी व डयूटी के प्रति समर्पित भाव व एक अच्छे शिक्षक के रूप में प्रदेशभर में प्रशंसा होती रही है। बतौर बिहाली स्कूल में प्राचार्य के रूप में डीईओ संतोष के सेवा काल में प्रदेश भर में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई।



**मंडी अटेली।** डीईओ संतोष चौहान की सेवानिवृति विदाई सम्मान करते हुए।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

डीईओ संतोष चौहान ने कहा कि 34 साल के सेवा काल में नारनौल में नौकरी सबसे दूर की है। इस मौके पर पूर्व हसला प्रधान बीर सिंह, पूर्व प्राचार्य बेगराज शर्मा, हसला प्रधान हंसराज, डीएसएस रविन्द्र गुप्ता, डॉ. संदीप यादव, प्राचार्य बाबूलाल, प्रार्चय लोकेश, प्राचार्य सत्यवीर, सुरेन्द्र, बिशन शर्मा रामपुरा, संतोष जांगड़ा, प्राचार्य राजेन्द्र, प्रवक्ता नरेश, धर्मपाल मेहरा, प्रवक्ता पूर्णचंद, मंजूलता, सरिता, लेक्चरर ध्यानचंद, कमल मास्टर, रोहतास शास्त्री, श्याम लाल, प्रवक्ता पूर्ण सिंह व प्रवक्ता संदीप आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# जीके सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

भारत देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा समर्पण और करुणा को पहचानने के लिए हर साल एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाता है। इस राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर जीके सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल आजम नगर में सभी स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रीय डॉ दिवस मनाया। इस मौके पर हॉस्पिटल के डॉ. गौरव खोश्या ने बताया कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य डॉक्टरों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक यह दिन उन सभी का सम्मान करता है, जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। भारत में डॉक्टर दिवस की शुरुआत 1991 में भारत सरकार द्वारा देश के सबसे सम्मानित डॉक्टरों में से एक और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के दूरदर्शी डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में की गई थी। वह पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित भी थे। जीवन को आसान बनाने के लिए शरीर का स्वस्थ रहना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। अगर हम बीमारियों से दूर रहेंगे तो जिंदगी के हर एक पल खुशहाल रहेगी। डॉक्टर ही हमें बीमारियों से दूर रखते हैं।



### बीपीएस स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, संस्थापक को किया नमन



**नारनौल।** शहर में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन सभा में संस्था चेयरमैन दिवंगत नरेश कुमार संघी को विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं, छात्र-छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। गायत्रीमंत्र के जाप से सभी विद्यार्थियों ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए परमपिता परमात्मा से अरदास की। संस्था सचिव किशन चौधरी एडवोकेट ने दिवंगत आत्मा के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। संस्था के निवर्तमान चेयरमैन कमल संघी व सहसचिव डॉ. कर्ण चौधरी ने भी दिवंगत आत्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। स्कूल प्रधानाचार्य उदयभान राव ने उनकी जीवनशैली प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थापक चेयरमैन दिवंगत नरेश कुमार संघी एक सक्षम, कुशल व्यक्तित्व के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। जिन्होंने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण व संस्कारपूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस लाइन स्थित सभा हॉल में मंगलवार को पुलिस कर्मचारियों की सुविधाओं के मद्देनजर कल्याण गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी पूजा वशिष्ठ की अध्यक्षता में कल्याण गोष्ठी में डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह, डीएसपी दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। कल्याण गोष्ठी में थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित शाखाओं के प्रभारी, टीएसआई व प्रवाचक पुलिस अधीक्षक, जिला में तैनात अन्य पुलिस कर्मचारी व डी ग्रुप के कर्मचारी मौजूद रहे। वेलफेयर मीटिग में शामिल पुलिस कर्मचारियों से एक एक करके उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। मीटिग के दौरान कर्मचारियों की ओर से बताई गई समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में एसपी ने मौका पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कहा कि अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें, मक्खी, मच्छर, लार्वा पैदा होने से बीमारी फैलती है। सभी थाना, चौकियों तथा पुलिस लाइन में स्वच्छता के मद्देनजर लगातार साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने ई लाइब्रेरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ई लाइब्रेरी में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और संसाधनों का निरीक्षण किया।



**नारनौल।** बैठक में पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनती एसपी पूजा वशिष्ठ।

**साफ सफाई पर की विस्तार से चर्चा**

पुलिस अधीक्षक ने पिछली कल्याण गोष्ठी में रखी गई समस्याओं के संबंध में किए गए निवारण का पुलिसकर्मियों से फीडबैक भी लिया। कल्याण गोष्ठी में एसपी पूजा वशिष्ठ ने बारिश के मौसम को देखते हुए थाना, चौकियों, पुलिस लाइन में श्रमदान कर घास की कटाई करने के निर्देश दिए। अपने आसपास की जगहों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।



**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी कॉलेज के एमएससी केमिस्ट्री के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी केमिस्ट्री के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के एमएससी केमिस्ट्री के तीन विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में अपनी जगह बनाकर कीर्तिमान हासिल किया। विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में यदुवंशी कॉलेज की छात्रा कल्पना पुत्री अजय कुमार ने 9.05 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान, मोनिका पुत्री रविंद्र ने 8.86 एसजीपीए लेकर पांचवा व ईशा पुत्री हरिओम ने 8.86 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में सातवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और कॉलेज के उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण का परिणाम है। इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# हरियाणा स्कूल में डॉक्टर्स-डे पर सेमिनार का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें संवेदना हॉस्पिटल से डॉ. सुरेन्द्र मित्तल ने विद्यार्थियों से रूबरू होकर उन्हें जानकारी दी।

विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव ने अंगवस्त्र भेंटकर डॉ. सुरेन्द्र मित्तल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों का परिचय करवाया। इसके उपरांत डॉ. सुरेन्द्र मित्तल ने विद्यार्थियों को डॉक्टर्स डे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री व चिकित्सा के क्षेत्र में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले डॉ. बिधन चन्द्र रॉय की जयंती के अवसर पर उनकी याद में एक जुलाई 1991 से इस दिन को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी देते हुए कहा कि आप लोगों में से ही आज के विद्यार्थी कल के डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टेड अकाउंटेंट आदि बनेंगे और इसके लिए एक ही मूलमंत्र है मन लगाकर पढ़ाई करना और स्वस्थ रहना। आजकल बच्चों में जंकफूड व तला चिकना खाने का चलन बहुत बढ़ गया है। जिसकी वजह से वचन बढ़ना व अन्य कई बीमारियां छोटी उम्र में ही बच्चों को घेर लेती हैं। इसलिए जंकफूड व तले हुए भोजन से परहेज करें। अपने भोजन में हरी सब्जियां, दाल, पनीर, दूध, दही इत्यादि की मात्रा बढ़ाएं। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज ने डॉ. मित्तल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा, निदेशक पुष्करमल वर्मा आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 40 यूनिट रक्त नागरिक अस्पताल को दिया

# रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर लगाया

- किशनलाल यादव की याद में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

किशनलाल यादव शिक्षा एवं जनकल्याण समिति की ओर से मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस भवन में किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी व संस्था के अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि पिता की पुण्य स्मृति को मानव सेवा के रूप में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार थे। अध्यक्षता नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने की। विशिष्ठ अतिथि डॉ. एसएस यादव थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि जीवन बचाने के लिए खून चढ़ाने की सदा आवश्यकता रहती है। दुर्घटना, रक्तस्राव, प्रसवकाल व ऑपरेशन आदि के अतिरिक्त थेलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हिमोफिलिया जैसे अनेक रोगों के रोगियों के शरीर को भी बार बार खून की जरूरत रहती है। विशिष्ठ अतिथि कमलेश सैनी ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से हम कई लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। श्रेष्ठ बात यह है कि जरूरतमंद लोगों को जीवन दान मिलता है। पवन यादव ने कहा कि उनके पिता स्व. किशनलाल यादव सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं। उनकी याद में सेवा का कार्य आयोजित करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान करना है। शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।



नारनौल। रक्तदाता को बैज लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**किया सम्मानित**

स्वर्गीय किशनलाल शिक्षा एवं जन कल्याण समिति के सौजन्य से समाजसेवी स्वर्गीय किशनलाल की पुण्यतिथि पर नगर की श्रेष्ठ कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट, युवा साथी ग्रुप हरियाणा, उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा, माता सती वेलफेयर समिति गहली, वरिष्ठ नागरिक संगठन, नारायण सेवा समिति, नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की भागेदारी रही।

# सूरज डिग्री कॉलेज की छात्रा जूही विवि में प्रथम



जूही।



प्रिया।



खुशबू।



शीतल।

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा चौथे सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रह। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बीकॉम चौथे सेमेस्टर की छात्रा जूही पुत्री चंद्रप्रकाश निवासी झगड़ोली ने 83.5 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। इसी के साथ घोषित बीएससी आनर्स केमिस्ट्री चौथे सेमेस्टर की छात्रा प्रिया पुत्री अजीत सिंह निवासी सिसोठ ने 85.56 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय की छात्रा शीतल पुत्री भीम सिंह ने 84.0 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय एवं खुशबू पुत्री बाबूलाल ने 80.0 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में साहिल पुत्र प्रमोद कुमार ने 77.8 प्रतिशत, नीतू पुत्री वेदप्रकाश ने 76.89 प्रतिशत, प्रीति पुत्री प्रदीप कुमार ने 74.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# सिहमा व लहरोदा नर्सरी में 4 हजार पौधे वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

बारिश के बाद पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई। लोगों के रुझान को देखते हुए वन विभाग ने जिले की नर्सरियों में पौध वितरण शुरू कर दिया गया है। एक जुलाई को पहले दिन सिहमा और लहरोदा नर्सरी में चार हजार पौधे वितरित किए हैं। सिहमा नर्सरी विभिन्न किस्मों के 20 हजार पौधे तैयार किए हैं। जबकि लहरोदा नर्सरी में 21 किस्मों के 60 हजार पौधे तैयार किया जा चुके हैं। सिहमा नर्सरी के इंचार्ज वैभव प्रताप सिंह और लहरोदा के वनरक्षक हंसराज का पौधों की देखभाल और प्रबंधन करने में विशेष योगदान रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै बाबूलाल शर्मा पुत्र छाजूराम वासी दया नगर नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं मेरा पुत्र प्रशांत शर्मा व उसकी पत्नी वैशाली मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में लडाई झगडा करते रहते है। इसलिए मै उनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नाम में परिवर्तन**

मै नंबर **14851178W** रैंक हवलदार नाम **प्रवीण कुमार** वर्तमान पोस्टेड 299 कम्पनी एएससी प्रकार बी निवास बलाहा खुर्द पोस्ट कृष्णनगर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ राज्य हरियाणा पिन 123001 मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवस **मेरी पत्नी का नाम सुनीता** दर्ज है जबकि सही नाम **सुनीता कुमारी** है शपथपत्र नोटेरी भारतीय नॉन जुडिशियल स्टैण्प हरियाणा सरकार

# 78 टीबी मरीजों को लिया गोद, अब इलाज तक एक हजार प्रति माह मिलेगी राशि

**खास बातें**
- टीबी मुक्त हरियाणा अभियान को लेकर केंद्रीय स्पेशल सेक्रेटरी हेल्थ ने की डीसी के साथ वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


डीसी डॉ. विवेक भारती।

टीबी मुक्त हरियाणा अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय स्पेशल सेक्रेटरी हेल्थ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि सरकार प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला महेंद्रगढ़ टीबी के उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। अब सरकार टीबी के प्रत्येक मरीज को इलाज की पूरी अवधि के लिए 1000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान कराएगी। फिलहाल जिला में 1013 टीबी मरीज हैं। जिले के सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने 78 मरीजों को गोद ले रखा है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों की पहचान, उनका ईलाज और उन्हें सामाजिक सहायता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी टीबी मरीज इलाज से वंचित न रहे और सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस बैठक में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नवीन कुमार उपस्थित थे।

### टीबी मरीज को गोद लेने की ये है प्रक्रिया

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त हरियाणा अभियान में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीज को गोद ले सकती है। यह प्रक्रिया निक्षय पोषण योजना के तहत की जाती है, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण और सामाजिक सहायता प्रदान करना है। सबसे पहले इच्छुक व्यक्ति या संस्था निक्षय पोर्टल ; पर जाकर अपना पंजीकरण कराना है। इसके बाद पोर्टल पर उपलब्ध टीबी मरीजों की सूची में से अपनी सुविधा के अनुसार मरीज का चयन किया जा सकता है। इसमें भौगोलिक स्थिति या अन्य प्राथमिकताएं तय की जा सकती हैं। गोद लेने वाले व्यक्ति व संस्था मरीज को 500 रुपये की पोषण सहायता, जैसे पौष्टिक भोजन या पोषण किट प्रदान कर सकते हैं।

### इलाज के लिए सभी आवश्यक दवाएं व डॉट्स थेरेपी फ्री

डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार टीबी मरीजों को व्यापक सहायता प्रदान करती है, ताकि वे इलाज पूरा कर सकें और स्वस्थ जीवन जी सकें। सरकार टीबी के निदान के लिए सभी परीक्षण और दवाएं सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के प्रत्येक मरीज को ईलाज की पूरी अवधि के लिए 1000 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि सीधे मरीज के बैंक खाते में जमा की जाती है, ताकि उन्हें पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सके। इसके अलावा टीबी के ईलाज के लिए सभी आवश्यक दवाएं, जिनमें डॉट्स थेरेपी भी शामिल है, सरकारी अस्पतालों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त में प्रदान की जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### हेमंत बने असिस्टेंट सेक्सन ऑफिसर



**कनीना।** पटवार कानूनगो एसोसिएशन तहसील के प्रधान शमशेर सिंह पटवारी के पुत्र कोटिया गांव वासी एवं हेमंत कुमार के सीजीएल कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परिजनों एवं क्षेत्र के प्रबुधजनों ने खुशी जताई है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका चयन यूपीएससी, संघलोक सेवा आयोग में एएसओ असिस्टेंट सेक्सन ऑफिसर के पद पर नियुक्ति हुई है। उनकी नियुक्ति पर कनीना स्थित पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन कार्यालय में दावत का आयोजन किया गया।

### 4 को होगी बिजली निगम बिलिंग से संबंधित सुनवाई

**महेंद्रगढ़।** कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम का कार्यकारी अभियंता कार्यालय में चार जुलाई को उपभोक्ताओं की बिलिंग से संबंधित शिकायत सुनी जाएंगी। कायोलय में दक्षिणी हरयाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायत की सुनवाई चैयरमेन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यकारी अभियंता कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर कर सकता है।

### मोहित चौधरी का जनसंपर्क अभियान कल

**सतनाली मंडी।** लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी तीन जुलाई को सतनाली खंड के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता दीवान सिंह शेखावत ने बताया कि मोहित चौधरी तीन जुलाई को महेंद्रगढ़ विधानसभा के सतनाली ब्लॉक के गांव श्यामपुरा में सुबह नौ बजे, ढाणी कुम्हारान 9:30, जवाहरनगर पथरवा 10, नंगला 10:30, बास 11, ढाणा 11:30, सुरेहती मोडियाना 12, सुरेहती पिलानिया 12:30, सुरेहती जाखल एक, डालनवास 1:30, गादड़वास 2:30 व माधोगढ़ में 3 बजे जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

# सरपंच के नोटिस पर भी नहीं जागा बिजली निगम, पोल गिरने से महिला की दर्दनाक मौत

## पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा

गांव पाली में मंगालवार को सुबह के समय तेज बारिश में जर्जर हालत में हो चुका बिजली का पोल गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। वह पोल, जिससे महिला की मौत हुई। फोटो : हरिभूमि

गांव पाली में मंगालवार को सुबह के समय तेज बारिश में जर्जर हालत में हो चुका एक पोल गिरने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत होने से ग्रामीणों में बिजली निगम के प्रति भारी रोष है। पुलिस ने मृतक महिला का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस से बिजली निगम के अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतका के बेटे के बयान पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सरपंच देशराज सिंह फौजी ने बताया कि गांव के सभी जर्जर पोल एवं लाइनों की शिकायत जनवरी में बिजली निगम को दी गई थी। उसके बाद भी लगभग पांच से छह बार नोटिस में डाला गया, लेकिन किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर ग्रामीणों ने बिजली निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे कार्यकारी अभियंता व एसडीओ ने पोल एवं सभी लाइनों को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया।

### बेटे ने यह दी शिकायत

मृतका के बेटे गौरव ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव पाली का निवासी है। मंगलवार की सुबह करीब 7:30 बजे उसकी माता सरिता देवी गांव के ठाकुर जी खारिया मंदिर में पूजा अर्चना करके वापस अपने घर आ रही थी। जब उसकी माता सत्यना उर्फ भूरिया के घर के पास पहुंची, तब वहां लगा बिजली का पोल जो की काफी समय से जर्जर अवस्था में था, वह टूटकर उसकी माता पर गिर गया। इस पोल से माता के सिर पर काफी गंभीर चोटें आई। वहां पर मौजूद रमेश, चाचा सुनील कुमार व अन्य लोगों ने माता को संभाला। इसके बाद वह, चाचा सुनील व गांव के अन्य लोग माता को सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सक ने माता को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि बिजली का पोल काफी समय से जर्जर हालत में था और बिजली निगम के कर्मचारियों को इस बारे कई बार अवगत भी करवा दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसको लेकर कोई रूचि नहीं दिखाई। इससे दो दिन पहले भी ग्रामीण व मौहल्ले के जर्जर पोल को हटवाने को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों के पास गए थे, ताकि कोई इस प्रकार की दुर्घटना घटित ना हो, लेकिन बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उपरोक्त हादसा हुआ हैं। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उचित कार्रवाई की जाए। पुलिस ने गौरव के बयान पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल बिजली निगम के कर्मचारियों ने टूटे पोल को बीच रास्ते से हटा दिया है।

# गर्भवती महिलाओं का 10 सप्ताह से पूर्व पंजीकरण करवाना अनिवार्य


नारनौल। सीएचसी दौचाना में मीटिंग लेती वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि सैनी। फोटो : हरिभूमि

- सीएचसी दौचाना में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि सैनी की अध्यक्षता में मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीएचसी दौचाना में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि सैनी की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सीएचसी के अंतर्गत सभी एमपीएचडब्ल्यू मेल व फिमेल गांवों में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश लिंगानुपात में सुधार लाना, गर्भवती महिलाओं का 10 सप्ताह से पूर्व पंजीकरण करवाना तथा सहेली कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताना था। उपरोक्त विषय में डॉ. सैनी ने लड़के-लड़कियों में भेदभाव को समाप्त करने, पीएनडीटी कानून के बारे में जानकारी दी। साथ ही 10 सप्ताह के अंदर एएनसी पंजीकरण, 12 सप्ताह से ऊपर के गर्भपात यदि कोई एरिया में होता है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत करवाने बारे, 70 साल से ऊपर के लोगों का वंदना कार्ड बनवाने, जननी सुरक्षित माह तथा एक जुलाई से 30 जुलाई तक एनीमिया एलिमिनेशन प्रोग्राम के तहत सभी एएनएम/ आशा एवं कार्यकर्ताओं में चर्चा की।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर डॉ. निखिल बहल, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. भानु प्रताप, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. अभिषेक सिंघानिया, खंड आशा समन्वयक प्रवीण शर्मा एवं समस्त संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीआईए ने 952 ग्राम गांजा पत्ती की बरामद

**नारनौल।** सीआईए ने थाना शहर क्षेत्र से अवैध नशीला पदार्थ गांजा पत्ती सहित एक आरोपित हरीश वासी बड़ का कुआं को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआईए टीम गश्त के दौरान जल महल रोड पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि हरिश वासी बड़ का कुआं के घर में अवैध नशीला पदार्थ गांजा हैं। सूचना के आधार पर टीम शख्स के मकान पर पहुंची, जहां पर हरिश मिला। मकान की तलाशी लेने पर कमरे में रखी लोहे की अलमारी से एक पॉलीथिन मिली, जिसको चेक करने पर अवैध नशीला पदार्थ गांजा पत्ती मिली। जिसका कुल वजन 952 ग्राम मिला। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### भारत मुक्ति मोर्चा ने भारत बंद का किया समर्थन

**महेंद्रगढ़।** भारत मुक्ति मोर्चा के द्वारा प्रस्तावित भारत बंद को लेकर मौहल्ला महायचान व वाल्मीकि के लोगों ने बंद का समर्थन किया। भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व प्रधान जगदीश ने बताया कि हम भारत में संविधान को प्रस्तावित करने के लिए जाति जनगणना करवाकर भारत के सभी सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों में संख्या के अनुपात में भागीदारी प्राकृतिक संसाधनों पर भारत के प्रत्येक नागरिक के प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष में भागीदारी के लिए भारत बंद कर रहे हैं। दूसरा ईवीएम के विरोध एवं बैलेट पेपर से चुनाव करवाने के पक्ष में भारत बंद कर रहे हैं। इसके अलावा गौतम बुद्ध टेंपल को एक जाति से मुक्त करवाकर बौद्ध भिक्षुओं को सपोर्ट करने के पक्ष में भारत बंद कर रहे हैं। संसद में बाबा साहब का अपमान एवं भारत में हो रही जाति एवं धर्म के नाम पर विरोध में भारत बंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा के मौलिक अधिकार को शासन में बैठे लोगों एवं उनके चहेतों लोगों के द्वारा चैरिटी का माध्यम बनाकर जनता से भारी भरकम फीस के रूप में लूट एवं कर्मचारियों के शोषण के विरोध में भारत बंद कर रहे हैं। बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला संयोजक अमर सिंह राठौड़, प्रवीण महायच, किशन लाल, महेश, अजीत, कृष्णा, संदीप, मोजी, आशु, प्रशांत, ओमपाल, मनोज, बद्री, अमरनाथ, राजू, अरुण और श्रवण कुमार मौजूद रहे।

### वकील व मुंशी से मारपीट के आरोप में 4 नामजद

**कनीना।** कनीना कोर्ट परिसर में वकालत करने वाले वकील व मुंशी के साथ मारपीट कर घायल करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पड़तल निवासी वकील विक्रम सिंह ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कोर्ट में अभ्यास करता है, जबकि विजय पड़तल अन्य वकील का मुंशी कार्यरत है। वे सायं करीब चार बजे बाइक पर सवार होकर जब अपने घर जा रहे थे, तो अनिकेत वासी पड़तल तीन साथियों सहित नई आनाज मंडी के समीप लाठी डंडे लेकर खड़े थे। जैसे ही उनकी बाइक वहां पहुंची तो अनिकेत व उसके साथियों ने हमला बोल दिया, जिससे वे घायल हो गए। उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें उप नागरिक अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने महेंद्रगढ़ के लिए रेफर कर दिया।

# महेंद्रगढ़ में स्वच्छता की नई लहर अब अभियान बना लोक उत्सव

- अभियान सिर्फ सरकारी पहल नहीं, बल्कि सामुदायिक भागीदारी का एक जीवंत उदाहरण बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। सफाई अभियान में शामिल ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

जिले अब एक अभूतपूर्व स्वच्छता अभियान का साक्षी बन रहा है। सघन स्वच्छता अभियान ने यहां एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। जिसमें हर वर्ग के नागरिक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यह सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि सामुदायिक भागीदारी का एक जीवंत उदाहरण बन गया है, जो पूरे जिले में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को गांव भूषण कलां, गाहड़ा, रामपुरा, धानोता, सतनाली, देवनगर, कालबा व दुलोठ जाट के निवासियों ने मिलकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने इस महत्वाकांक्षी अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक खंड में एक विशेष गांव का चयन कर प्रतिदिन सुबह नौ बजे से 11 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। कुमार ने सभी जिलेवासियों से स्वेच्छा से इस पहल में शामिल होने की अपील की है, ताकि इसे एक अद्वितीय सफलता दिलाई जा सके।

कुमार ने स्पष्ट किया कि यह केवल बीमारियों की रोकथाम का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य बजट को भी बेहतर बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि स्वच्छ भारत ही वास्तव में स्वस्थ भारत की नींव रखता है। यह अभियान हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में लागू किया जा रहा है, जो राज्य सरकार के स्वच्छता के प्रति अटूट संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के नेतृत्व में जिला प्रशासन इस अभियान को एक ऐसे सामुदायिक कार्यक्रम में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।


नारनौल। ढोसी पहाड़ी पर आयोजित शिविर में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ढोसी पहाड़ी पर आउटडोर ट्रेनिंग व प्रकृति स्थिरता शिविर आयोजित

**नारनौल।** रेजांगला स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से ढोसी पहाड़ी पर आउटडोर ट्रेनिंग व प्रकृति स्थिरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रेजांगला स्पोर्ट्स अकादमी के बैनर तले अटेली क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सबसे ज्यादा 20 खिलाड़ी कांटी गांव के थे। इन खिलाड़ियों की उम्र आठ से लेकर 17 साल तक थी, जिनमे 15 लड़कियां भी शामिल थी। अकादमी के संचालक व कोच ललित डाबड़ ने बताया कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को हर तरह का प्रशिक्षण का अनुभव करवाने के लिए उनकी पूरी टीम हर तरह के वातावरण व पर्यावरण के बीच खिलाड़ियों को लेकर जाती हैं। खिलाड़ियों के अंदर पर्यावरण के प्रति आत्मीयता व जिम्मेदारी उत्पन्न करने के लिए उनको प्रकृति के बीच रखते हैं। इस शिविर में खिलाड़ियों ने ढोसी की तरफ से मुश्किल चढ़ाई को पूरा करके रात च्यवन ऋषि जी के आश्रम में व्यतित की। अगली सुबह जल्दी उठकर खड़ी सीढ़ियों व बड़ी बड़ी चट्टानों पर प्रशिक्षण कोच ललित डाबड़, हरीश यादव, विक्रम डीपीई, रामनिवास पीटीआई, गुरुदयाल के सानिध्य में प्राप्त किया। इसके बाद विक्रम डीपीई ने खिलाड़ियों को स्वास्थ्य युक्त संतुलित भोजन खिलाया। इसके बाद पूरी टीम ने कुलताजपुर की तरफ उतरते हुए आश्रम से लेकर शिव कुंड तक लगभग 100 किलो से अधिक प्लास्टिक वेस्ट व कांच इकट्ठा किया।

# रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में 15 को करेंगे जिला स्तर पर प्रदर्शन

- यादव धर्मशाला में हुई रिटायर्ड कर्मचारी संघ आम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। बैठक में मौजूद रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन की जिला की आम सभा यादव धर्मशाला में जिला प्रधान घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला सचिव रोशनलाल निंबल ने किया। बैठक में राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह, राज्य महासचिव रतन जिंदल, राज्य प्रदेश सचिव हीरालाल, मामनराम, शेरसिंह, राममहल, राममेहर, मनोहर लाल आदि उपस्थित थे। जिला प्रधान घनश्याम शर्मा बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला इकाई ने राज्य प्रधान वजीर सिंह के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकार पेंशन फेडरेशन का उपाध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत किया। जिला कार्यकारिणी ने राज्य प्रधान वजीर सिंह, राज्य सचिव रतन जिंदल को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। राज्य प्रधान वजीर सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की ओर से पारित किए गए पेंशन विधेयक को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के मिलने वाले लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

### आम सभा में ये मौजूद रहे

राज्य महासचिव रतन जिंदल, राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा, जिला प्रधान घनश्याम शर्मा, महेन्द्र सिंह यादव, सुवालाल, छोटेलाल यादव, ओमप्रकाश दायमा, शेरसिंह यादव, कौशल यादव, महेन्द्र बोयत, किरोड़ी सैनी, दुलीचन्द शर्मा, रामस्वरूप, समर सिंह, बंसीसिंह, सुबेसिंह, लक्ष्मीनारायण, ताराचंद, बाबूलाल, भारत भूषण वालिया, यादराम, राजेंद्र सिंह, राहुल, रामकिशन, मनोहर लाल आदि रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में राज्य प्रधान, महासचिव, प्रेस सचिव को जिला कार्यकारिणी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। जिला कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से शेरसिंह, ओमप्रकाश दायमा, पूर्व प्रधान पूर्णचन्द को जिला कार्यकारिणी का सलाहकार बनाया गया।


महेंद्रगढ़। बैठक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### पीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक में एनीमिया और मलेरिया व डेंगू को लेकर जागरूक किया

**महेंद्रगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बांस में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन चिकित्सा अधिकारी डॉ. पिंकी जांगड़ा एवं डॉ. जीत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचलन स्वास्थ्य निरीक्षक रणबीर सिंह एवं स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने किया। प्रभारी डॉ. पिंकी जांगडा एवं डॉ. जीत शर्मा ने लिंग अनुपात, एनीमिया और मलेरिया व डेंगू को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूक करते हुए बताया कि अपने-अपने अधीन आने वाले गांवों में असंतुलित लिंग अनुपात को ठीक करने के लिए अधिक से अधिक जागरूक बैठक का आयोजन करे और ग्रामीणों को बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं करने एवं बेटियों की अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित करे। लिंग जांच करवाने संबंधी कोई जानकारी मिले तो इसकी हमे तुरंत सूचना दें। डॉ. पिंकी जांगड़ा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कर उनकी नियमित जांच करे, ग्रामीणों के हीमोग्लोबिन की नियमित जांच करने चाहिए और जिनका हीमोग्लोबिन कम हैं, उनको आयरन की गोली दे।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह में नारनौल क्लब को रनिंग ट्रॉफी

# प्रधान विनोद चौधरी को मिला एलीट अवार्ड सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। रोडरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रोटरी के नववर्ष के आगाज के साथ ही रोटरी क्लब की ओर से बीते वर्ष में किए गए जनहित कार्यों की समीक्षा करने हेतु गत दिवस रोटरी डिस्ट्रिक्ट का सम्मान समारोह गुरुग्राम में आयोजित किया गया। जिसमे डिस्ट्रिक्ट 3011 के अलग अलग जोन से सैकड़ों क्लब ने हिस्सा लिया। रोटरी क्लब सिटी की ओर से क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न जनहित कार्यों के लिए रोटरी क्लब सिटी को वर्ष के सबसे बड़े सम्मान रनिंग ट्रॉफी से नवाजा गया तथा क्लब के प्रधान विनोद चौधरी व सचिव राजकुमार चौधरी को उनके नेतृत्व में क्लब की ओर से किए गए अनेक जनहित कार्यों के लिए एलीट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता को बेस्ट ट्रेसर अवॉर्ड भेंट किया गया। इसके साथ ही डिस्ट्रिक्ट टीम से एडवोकेट राजकुमार यादव व प्रवीण संघी को उनकी सेवाओं व अथक सहयोग के लिए जोनल चेयर अवार्ड से सुशोभित किया गया। रोटरी की ओर से शहर में चलाई जा रही रोटरी रसोई की रोटरी इंटरनेशनल की समस्त कार्यकारिणी ने खुले मन से प्रशंसा करते रोटरी रसोई के डिस्ट्रिक्ट चेयर विजय जिंदल को प्लैटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। क्लब प्रधान ने जनहित कार्यों पर विचार करते हुए उनमें से सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले क्लबों को एलीट, प्लेटिनम, गोल्डन, सिल्वर आदि विभिन्न श्रेणी के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश त्रिखा ने की। कार्यक्रम में रोटरी जोन 3011 के करीब 140 क्लब के अनेक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### जनहित कार्यों की समीक्षा की गई

इस दौरान सभी क्लबों की ओर से जन कल्याण व उत्थान में किए जा रहे अनेक जनहित कार्यों की समीक्षा करते हुए कोर टीम ने रोटरी क्लब सिटी को रनिंग ट्रॉफी, प्रधान विनोद चौधरी को प्लेटिनम, सचिव राजकुमार चौधरी को प्लैटिनम व एडवोकेट राजकुमार यादव व प्रवीण संघी को जोनल चेयर अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा प्रधान विनोद चौधरी की ओर से जनहित में लगवाए गए आठ सार्वजनिक वाटर कूलर के लिए भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर महेश त्रिखा ने क्लब की ओर से चलाए जा रहे मोक्ष वाहन, शीतल जल की वाटर हट, डायलिसिस सेंटर, शौचालय, सिलाई सेंटर आदि जैसे अनेक कार्यों की चर्चा करते हुए क्लब को यह सम्मान प्रदान किया तथा रोटरी रसोई के माध्यम से मात्र 10 रुपये में प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए सिटी की ओर से चलाई गई मुहिम की प्रशंसा करते हुए डिस्ट्रिक्ट किचेन चेयर विजय जिंदल को प्लैटिनम अवॉर्ड दिया गया।